झांकी बाबा श्याम की भजन लिरिक्स

आओ रे भक्तों निहारे,
झांकी बाबा श्याम की,
इनकी झांकी पर न्योछावर,
इनकी झांकी पर न्योछावर,
शोभा चारो धाम की,
आओ रे भक्तों निहारे,
झाँकी बाबा श्याम की।bd।

तर्ज – सांवली सूरत पे।

दे दिया निज शीश जिसने,
दूसरों के वास्ते,
मूरति है सामने उस,
पांडव कुल बलधाम की,
आओ रे भक्तों निहारे,
झाँकी बाबा श्याम की।bd।

विश्व नैया के खिवैया,
श्याम बनकर आ गए,
काशी मथुरा द्वारिका सम,
भूमि खाटू धाम की,
आओ रे भक्तों निहारे,
झाँकी बाबा श्याम की।bd।

कष्ट सारे ही मिटे,
हर तरह निश्चिन्त हो,
ज्योत जो भी है जगाते,
श्याम जी के नाम की,
आओ रे भक्तों निहारे,
झाँकी बाबा श्याम की।bd।

कौन महिमा कह सके,
जगदीश अनुपम रूप की,
सुर मीरा श्याम जी के,
तुलसी जी के राम की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आओ रे भक्तों निहारे,
झांकी बाबा श्याम की,
इनकी झांकी पर न्योछावर,
इनकी झांकी पर न्योछावर,
शोभा चारो धाम की,
आओ रे भक्तों निहारे,
झाँकी बाबा श्याम की।bd।

Singer – Monu Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com